फाइल नं 3/46/2017-एसडी/एएम विज्ञापन नं 12/2017

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र

(भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त न्यास

सेन्ट्रल विस्टा मैस, जनपथ, नई दिल्ली-110001)

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र अपने राजभाषा अनुभाग के लिए एक परामर्शदाता (राजभाषा) की अनुबन्ध आधार पर भर्ती करना चाहता है।

पात्रता

1. न्यूनतम सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद से सेवानिवृत्त व्यक्ति परामर्शदाता(राजभाषा) के पद के लिए पात्र है ।
2. अंग्रेजी व हिंदी के अनुवाद का स्तरीय ज्ञान होना अनिवार्य है ।
3. राजभाषा अधिनियम, हिंदी कार्यशालाओं, तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं सरकारी भाषा से संबंधित आदेशों के प्रावधानों का ज्ञान होना अनिवार्य है । राजभाषा कार्यान्वयन से सम्बन्धित ज्ञान होना चाहिए ।
4. संवाद और व्यवहार कुशलता, कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान जैसे कि एम.एस.वर्ड, एक्सल एण्ड पॉवर पॉइन्ट इत्यादि का ज्ञान होना चाहिए ।
5. मान्यतचा प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी विषय में मास्टर डिग्री ।

कार्य एवं जिम्मेदारी

कार्यालय से प्राप्त अंग्रेजी, हिंदी सामग्री का स्तरीय अनुवाद करना । राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित तिमाही बैठकें, हिंदी कार्यशालाएं, मंत्रालय के साथ पत्राचार, तिमाही प्रगति रिपोर्ट मंत्रालय को प्रेषित करना तथा अन्य बैठकों में उपस्थित होना इत्यादि ।

पदों की संख्या	-	एक
कार्य की अवधि	-	प्रारम्भ में यह अवधि एक वर्ष होगी जिसे बाद में आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है ।
आयु सीमा	-	आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तारीख को आवेदक की आयु 62 वर्ष से अधिक न हो तथा कार्य करने की अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।
पारिश्रमिक	-	25,000 रु. प्रतिमाह
छुट्टियाँ	-	कलेंडर वर्ष में 8 दिनों की छुट्टियों की पात्रता होगी जोकि वर्ष के दौरान समानुपातिक आधार पर ली जा सकेंगी । उन्हें वर्ष के दौरान 8 दिनों की छुट्टियों के पश्चात् अनुपस्थित रहने पर कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा।
कार्य समय	-	परामर्शदाता (रा.भा.) को सामान्य कार्यालय समय का पालन करना अनिवार्य होगा तथा कार्य की अनिवार्यता के मामले में उसे अवकाश वाले दिन भी कार्यालय बुलाया जा सकता है । उसे अपनी हाजिरी अनिवार्य रूप से बायमैट्रिक मशीन (एइबीएस) में लगानी होगी

		अन्यता उसके पारिश्रमिक में से कटौती की जा सकती है
पेंशन	–	सेवा निवृत्त सरकारी कर्मचारी की परामर्शदाता के रूप में भर्ती होने पर उसे पहले से मिलने वाली पेंशन तथा उसपर मिलने वाला महगाई भत्ता परामर्शदाता के रूप में कार्य करने की अवधि के दौरान भी जारी रहेगा । परामर्शदाता के रूप में उनकी भर्ती को पुनः नियुक्ति नहीं माना जाएगा।

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र न्यूनतम सहायक निदेशक (राजभाषा) के स्तर के सेवानिवृत अधिकारियों से परामर्शदाता (रा.भा.) के एक पद की वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबन्ध आधार पर नियुक्ति करना चाहता है।

अनुबंध की समाप्ति :

आईजीएनसीए अनुबंध को समाप्त कर सकता है जिसके लिए ये नियम लागू होंगे यदि: -
(i) परामर्शदाता नियत कार्य करने में असमर्थ है I
(ii) यदि नियत कार्य की गुणवत्ता से आईजीएनसीए में अधिकारी / सक्षम प्राधिकरण संतुष्ट न हो ।
(iii) परामर्शदाता की ईमानदारी और सत्यनिष्ठा में कमी पाई गई ।
(iv) आईजीएनसीए के सक्षम प्राधिकारी बिना किसी नोटिस एवं कारण बताए किसी भी समय अनुबंध को समाप्त कर सकते हैं ।

आवेदकों से अनुरोध किया जाता है कि वे नीचे दिए गए निर्धारित फॉर्म को भर कर एवं अपने मूल प्रमाण-पत्रों के स्वयं सत्यापित प्रतिलिपि प्रमाण-पत्रों को साथ लेकर वॉक-इन-इंटरव्यू में भाग लें। वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 21.11.2017 को प्रातः 11.00 बजे इंन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, सम्मेलन कक्ष, सेन्टर विस्टा मैस, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में होगा । आवेदकों से अनुरोध है कि वे प्रातः 10.00 बजे मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन हेतु उपस्थित हों । केवल उपयुक्त उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

आईजीएनसीए बिना किसी कारण के सभी आवेदनों को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है । कार्य एवं साक्षात्कार के लिए आवेदक के चयन के संबंध में इं.गा.रा.क.केन्द्र का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा ।

निदेशक (प्रशासन)
इं.गा.रा.क.केन्द्र

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
परामर्शदाता के के पद हेतु आवेदन

फोटो

1. नाम :

2. पिता का नाम :

3. जन्मतिथि :
(30.09.2017 को आयु)

4. दूरभाष नम्बर मोबाइल/इमेल/आईडी :

5. घर का पूरा पता :

6. शैक्षणिक योग्यता (दसवीं कक्षा के
प्रमाण पत्र एवं उसके आगे के प्रमाण पत्र) :

योग्यता	उत्तीर्ण वर्ष	विश्वविद्यालय/ संस्थान	अंक प्रतिशत	कक्षा /श्रेणी

7. कृपया स्पष्ट बताए कि आप द्वारा दी गई उपर्युक्त प्रविष्टियों के रूप में आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

8. रोजगार विवरण, तिथिनुसार दें यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग
शीट पर अपने हस्ताक्षर के साथ सत्यापित करके संलग्न करें।

कार्यालय संस्था	पदनाम	कब से कब तक	1) वेतमान 2) मूलवेतन 3) ग्रेड पे 4) वर्तमान/पिछले वेतमान एवं ग्रेड पे का विवरण	कार्य की प्रकृति का विवरण) यदि अपेक्षित हो तो अलग से विवरण दें

9. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जिसे आप पद की योग्यता के अनुसार आवश्यक समझते हो तो, उसे भी दें ।

i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता
ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण

10. वर्तमान कार्य की प्रकृति, यदि कोई हो तो

मैंने सावधानीपूर्वक रिक्ति /परिपत्र/विज्ञापन को देख लिया है और मूझे विश्वास है कि चयन समिति उपर्युक्त पद का चुनाव करते समय सभी सम्बन्धित कागजातों का आकलन करेगी।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

दिनांक...........
स्थान. . . . .

फाइल नं 3/46/2017-एसडी/एएम विज्ञापन नं 12/2017
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र
(भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त न्यास
सेन्ट्रल विस्टा मैस, जनपथ, नई दिल्ली-110001)

परामर्शदाता (राजभाषा) □□□□□□ □□□□

इनदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र अनुबंध आधार पर एक परामर्शदाता (राजभाषा) की भर्ती करना चाहता है ।

वाक-इन-इन्टरव्यू दिनांक 21.11.2017 को प्रातः 11.00 बजे, इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, सम्मेलन कक्ष, सीवीमैस, जनपथ, नई दिल्ली-110001 में किया जाएगा । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे प्रातः 10.00 बजे मूल प्रमाण-पत्रों के सत्यापन हेतु रिपोर्ट करें ।

पूर्ण विवरण हमारी वेबसाइट www.ignca.nic.in पर उपलब्ध है।

निदेशक (प्रशासन)
इं.गा.रा.क.केन्द्र